# Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा- दसवीं

विषय- हिन्दी साहित्य    शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : साहित्य सागर

## पाठ-8 'भीड़ में खोया आदमी' लेखक- लीलाधर शर्मा 'पर्वतीय'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी साहित्य की पाठ्य-पुस्तक 'साहित्य सागर' की पृष्ठ संख्या-51 पर दिए पाठ-8 'भीड़ में खोया आदमी' के अन्य प्रश्नोत्तर पर चर्चा करेंगे।

बच्चो! 'भीड़ में खोया आदमी' पाठ का सारांश आप सभी ने पढ़ व समझ लिया है। आज हम इस पाठ के शेष प्रश्नोत्तर करने जा रहे हैं। आप सभी इन प्रश्नोत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे व समझेंगे।

निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

" क्या तुम्हारे पास यही दो कमरे हैं ?"

प्रश्न (क) यह पंक्ति किसने, किससे कही और क्यों कही ?

उत्तर- यह पंक्ति लेखक ने अपने मित्र श्यामलाकांत से कही। लेखक जब श्यामलाकांत जी की बेटी के विवाह में सम्मिलित होने उनके यहाँ हरिद्वार गए तब मित्र के घर पहुँचकर लेखक ने देखा कि श्यामलाकांत जी का बड़ा परिवार दो कमरों के छोटे से घर में रहता है। मित्र के दो कमरों के घर में शादी का तथा अन्य सामान ठूसमठास भरा था। मित्र का परिवार बड़ा था